हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, मंगलवार 19 अगस्त 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

### डिमांड का आधा बजट भी नहीं मिला, बड़े कार्यों पर संशय

# कम बजट से मनरेगा की हालत पतली

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

इस साल मनरेगा से मजदूरों को उम्मीद के अनुरूप काम मिलना मुश्किल है। अब तक मनरेगा के बजट को रिवाइज नहीं किया गया है। मात्र 30 लाख मानव दिवस का लक्ष्य मिला है। इसमें भी 12 लाख मानव दिवस काम हो चुका है। बाकी बचा बजट पीएम आवास और आंगनबाड़ी निर्माण में खत्म हो जाएगा। ऐसे में बड़े काम के लायक बजट ही नहीं बचा है।

इस साल शासन ने मनरेगा के बजट में कैंची चला दी है। पहले सालाना करीब 60 लाख मानव दिवस का लक्ष्य दिया जाता था। वर्ष 2020-21 में कोरोना संकट के बीच लोगों को रोजगार देने के उद्देश्य से 85 लाख मानव दिवस का बजट का लक्ष्य दिया गया था। इसके बाद से साल दर साल बजट में कटौती की जा रही है। जिला पंचायत से शासन को करीब 70 लाख मानव दिवस की डिमांड भेजी गई थी। डिमांड के विरूद्ध 50 प्रतिशत बजट भी नहीं दिया गया है। इस साल मात्र 30 लाख मानव लक्ष्य दिया गया है। अभी पुराने काम अधूरे पड़े हुए हैं। मनरेगा के इस बजट से पुराने कामों को कम्पलीट करना मुश्किल है। पुराने कामों को कम्पलीट करने के लिए कम से कम और 40 लाख मानव दिवस की आवश्यकता पड़ेगी। इसे लेकर शासन को डिमांड भी भेजी गई है लेकिन अब तक अतिरिक्त बजट नहीं दिया गया है। ऐसे में नए कामों को लेकर मनरेगा में कोई प्लानिंग नहीं की जा रही है।



फाइल फोटो

### सीईओ कांफ्रेंस का इंतजार

उम्मीद की जा रही है कि सीईओ कांफ्रेंस में बजट को रिवाइज किया जाएगा और धमतरी को अतिरिक्त बजट की सौगात मिलेगी। राज्य और केंद्र दोनों में भाजपा की सरकार होने से बजट मिलने की उम्मीद भी दोगुनी है, लेकिन इसमें अभी वक्त है। जानकारी के अनुसार बजट अक्टूबर माह के आसपास मिल सकता है। तब तक बारिश का मौसम भी समाप्त हो चुका होगा।

### बन रहे 21 हजार आवास

मनरेगा के तहत प्रमुख रूप से पीएम आवास निर्माण चल रहा है। करीब 21 हजार आवास तैयार हो रहे हैं। इसके अतिरिक्त 81 आंगनबाड़ी भवन निर्माण भी प्रगति पर है। मनरेगा के तहत 70 एकड़ में पौधरोपण भी तैयार किया गया है। मनरेगा के बजट का अधिकांश हिस्सा तो इन्हीं कार्यों में खत्म हो गया है। बाकी बजट में भी इन्हीं निर्माणाधीन कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। सॉलिड लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट सहित अन्य कार्य भी मनरेगा से जुड़े हुए हैं। ऐसे में बड़े कार्यों के लिए फिलहाल मनरेगा में कोई जगह नहीं है।

# कमरे में अचेत मिला युवक, मौत

**धमतरी**। रात में खाना खाने के बाद सोने के लिए गया युवक सुबह कमरे में अचेत पड़ा मिला। अस्पताल ले जाने पर डाक्टर ने युवक को मृत घोषित कर दिया ।

अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार समीपस्थ ग्राम बागतराई थाना पुरुर निवासी बेदराम साहू पिता राजकुमार उम्र 27 वर्ष मजदूरी का काम करता था। युवक महीनेभर से ग्राम अरौद थाना चारामा में रहकर मजदूरी कर रहा था। युवक शनिवार को घर बागतराई आया था। रविवार की रात्रि खाना खाकर युवक सोने के लिए अपने कमरे में जाकर भीतर से दरवाजा बंद कर दिया। सोमवार की सुबह परिजनों ने युवक के कमरे का दरवाजा खटखटाया, लेकिन दरवाजा नहीं खुला। फोन लगाया, लेकिन भीतर से कोई रिस्पांस नहीं मिला। परिजनों ने दरवाजा को बार-बार धकेला जिससे भीतर लगे सांकल के सरक जाने से दरवाजा खुल गया। कमरे में युवक बेहोश पड़ा हुआ था। उसे उपचार के लिए तत्काल मसीही अस्पताल लाया गया जहां डाक्टर ने चेकअप के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

B.M. COLLEGE
BCA BBA
PGDCA B.Ed.
आई.टी.आई.
▸ कोपा ▸ इलेक्ट्रिशियन
▸ हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
▸ डीजल मैकेनिक
▸ फायर टेक्नालॉजी
▸ स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065

लीला देवी कॉलेज ऑफ
नर्सिंग एण्ड फार्मेसी
• बी एससी नर्सिंग*
• डी फार्मेसी*
प्रस्तावित सत्र 2025-26 हेतु



विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा
सर्वोत्तम खेल परिसर एवं सुविधाएं
छात्रावास एवं परिवहन सुविधा
अत्यधिक सुसज्जित प्रयोगशालाएं
5000 पुस्तकों से युक्त समृद्ध पुस्तकालय
हरा और हाईटेक परिसर
योग्य एवं अनुभवी संकाय
108 बिस्तरों वाला पेरेंट हॉस्पिटल
मुख्य परिसर
लीलास नॉलेज पार्क, ब्लॉक - ए, बी, सी, ग्रेटर रायपुर, मोतीपुर, तह.-पाटन, जिला-दुर्ग
सिटी परिसर
लीलास फाउंडेशन फॉर एजुकेशन एंड हेल्थ, मुखर्जी हॉस्टल के पीछे संस्थागत क्षेत्र, गवर्नमेंट साइंस कॉलेज, रायपुर
91318 80895, 97706 60186, 70241 25200

ISBM UNIVERSITY
KNOWLEDGE • WISDOM • HUMANITY
BCI Bar Council of India
Association of Indian Universities
Chhattisgarh Private Universities Regulatory Commission
UGC University Grant Commission
All India Council for Technical Education
PCI Pharmacy Council of India
ADMISSION OPEN 2025-26
AACSB ACCREDITED
INTERNATIONAL ASSOCIATION OF UNIVERSITIES
NAAC ACCREDITED
NOW IN RAIPUR CITY!
Free Counselling On "Importance of Education, Skills, Goal Setting & Planning"



PHARMACY
LAW
INFORMATION & TECHNOLOGY
LIBRARY & INFORMATION SCIENCE
COMMERCE
JOURNALISM & MASS COMM.
MANAGEMENT
DESIGN
ENGINEERING & TECHNOLOGY
SCIENCE
ARTS & HUMANTIES
YOGA & NATUROPATHY
NATIONAL & INTERNATIONAL COLLABORATIONS
10,000+ Students & Alumni
25+ Awards & Recognitions
150+ Recruiter Network
200+ National & International conferences
50+ MOU & Tieups
750+ Research Published
20+ Patents
₹2.5cr+ Research Fellowship
WWW.ISBMUNIVERSITY.EDU.IN
+91 9109333333, +91 9109244444
Raipur Campus - ISBM University, Ring Road No. 1, Near Sarona Bridge, Tatibandh, Raipur, Chhattisgarh- 492099
Main Campus - ISBM University, Nawapara (Kosmi), Block & Tehsil- Chhura, Gariyaband (Chhattisgarh) 493996
Shreeram Addiction

**खबर संक्षेप**



## छात्राओं को बताई जीवन में पुस्तक की महत्ता

**धमतरी।** शासकीय नारायण राव मेघावाले कन्या महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. अनिता राजपुरिया के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय पुस्तकालय अध्यक्ष दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें प्राध्यापकों एवं अतिथि ग्रंथपाल ने जीवन में पुस्तक की महत्ता पर अपने विचार व्यक्त किए। भारत में पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान के जनक डॉ एस.आर. रंगनाथन के पुस्तकालय विज्ञान के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान के संबंध में छात्राओं को जानकारी दी गई। अतिथि ग्रंथपाल ने बताया कि पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित डॉ. एस.आर. रंगनाथन ने पुस्तकालय विज्ञान के क्षेत्र में पांच नियम प्रकाशित किए जिसमें प्रथम पुस्तक उपयोग के लिए है, द्वितीय प्रत्येक पाठक को उसकी पुस्तक मिले, तृतीय प्रत्येक पुस्तक को उसका पाठक मिले, चतुर्थ पाठक का समय बचाव, पंचम पुस्तकालय एक संवर्धनशील संस्था है। डॉ.एस आर. रंगनाथन ने पुस्तकालय विज्ञान को एक व्यवस्थित शास्त्र का रूप दिया और देश में आधुनिक पुस्तकालय प्रणाली की नींव रखी। ग्रंथालय प्रभारी मधु माधव देव ने बताया कि वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन योजना के माध्यम से पूरे देश के शिक्षण संस्थानों को एक ही प्लेटफार्म पर शोध पत्रिकाएं और डिजिटल संसाधनों की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इससे छात्राओं व शोधकर्ताओं को गुणवत्तापूर्ण जानकारी सरल रूप में प्राप्त हो सकती है। इस आयोजन में ग्रंथालय प्रभारी सहायक प्राध्यापक मधु माधव देव एवं अतिथि ग्रंथपाल नरेंद्र साहू का विशेष योगदान रहा।

## परिसर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने का लिया संकल्प



**धमतरी।** शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एनएसएस स्वयंसेवकों एवं महाविद्यालय परिवार के सहयोग से महाविद्यालय परिसर की साफ-सफाई की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डा. गौकरण प्रसाद जायसवाल के मार्गदर्शन में हुआ। उन्होंने कहा कि स्वच्छ परिसर न केवल सौंदर्य बढ़ाता है बल्कि यह स्वास्थ्य और सकारात्मक वातावरण के लिए आवश्यक है। अभियान के दौरान परिसर के कक्षों एवं खुले क्षेत्र की सफाई की गई तथा सिंगल यूज प्लास्टिक, खरपतवार आदि को एकत्र कर उसका उचित निस्तारण किया गया। राजनीति विज्ञान के सहायक प्राध्यापक तरुण बैनर्जी ने स्वयंसेवकों के प्रयासों की सराहना करते हुए स्वच्छता को नियमित आदत बनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डिगेश्वर अटल, सहायक प्राध्यापक अंकित कुमार बोधवानी, युगेश्वर प्रसाद, रमेश कुमार, मन्नू लाल साहू एवं स्वयंसेवक वेदप्रकाश, संतोष, कुणाल, इंद्रमण, मोनिश कुमार, रेशमा, हिमानी शामिल हुए और यह संकल्प लिया कि परिसर को सदैव स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने में योगदान देंगे।

**निधन**

### गोविन्द साहू

**धमतरी।** ग्राम बनबगौद के वरिष्ठ नागरिक गोविन्द साहू 80 वर्ष का



निधन 18 अगस्त को हो गया। वे साहू समाज अध्यक्ष नरेश साहू के पिता एवं रूपेश साहू, मुकेश साहू के दादा थे। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में परिजन शामिल हुए।

### सावित्री बाई कौशिक

**धमतरी।** गणेश चौक निवासी केशव कौशिक की पत्नी श्रीमती सावित्री बाई कौशिक उम्र 60 वर्ष का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शांतिघाट में हुआ। इस दौरान स्वजन एवं वार्डवासी मौजूद थे।

### श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर कलाकारों ने अपने कलात्मक प्रदर्शन से बांधा समां

# सर्व यादव समाज ने निकाली कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर सर्व यादव समाज नगरी द्वारा इस वर्ष भी कलश शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा यादव सामाजिक भवन नगरी से आरंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए नगर भ्रमण करती हुई नगर के हृदय स्थल राजबाड़ा चौक पहुंची। वहां पर समाज के वरिष्ठजन एवं नगरवासियों ने कलश यात्रा का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। तत्पश्चात शोभायात्रा माता तालाब मार्ग से होकर पुनः सामाजिक भवन में संपन्न हुई।

इस अवसर पर सजीव मंचन के माध्यम से श्रीकृष्ण रास लीला का आकर्षक आयोजन किया गया, जिसमें भगवान श्रीकृष्ण के रूप में हरीश यादव, संतोष यादव एवं रमन यादव ने अपनी अद्भुत प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया। यादव समाज के युवा कलाकारों एवं अखाड़ा मंडली द्वारा प्रस्तुत मनमोहक रावत नाचा दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। छोटे-छोटे कलाकारों ने अपने कलात्मक प्रदर्शन से समां बांध दिया। इसके साथ ही एक कलाकार द्वारा अपने अद्भुत कौशल का प्रदर्शन करते हुए नागर को मुंह पर उठाकर संतुलन बनाने का दृश्य उपस्थित जनसमूह के लिए आश्चर्यजनक और रोमांचक क्षण रहा।







कार्यक्रम में यादव समाज के विभिन्न कलाकारों एवं युवाओं द्वारा विविध प्रकार की कला और पारंपरिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिससे वातावरण कृष्णमय और उल्लासमय हो उठा। आयोजन में हजारों नगरवासी, महिला-पुरुष एवं बच्चे सम्मिलित हुए और सभी ने समाज की एकजुटता और सांस्कृतिक धरोहर का दर्शन किया। इस आयोजन में नन्द यादव नगर व्यवस्था समिति अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष हरीश यादव, सचिव गोपीचंद यादव, सहसचिव शैलेश यादव, तरुण यादव, अश्वनी यादव, दीनदयाल यादव, सुनाराम यादव, रमेश यादव, राकेश यादव, हेमलता यादव, निशा यादव, लक्ष्मी यादव, रामबाई यादव सहित समाज के सभी वरिष्ठजनों और युवाओं की सक्रिय भागीदारी रही। नगरवासियों ने सर्व यादव समाज की एकजुटता, सामाजिक समर्पण और सांस्कृतिक संरक्षण की प्रशंसा की। यह आयोजन न केवल समाज के लिए गौरव का विषय रहा बल्कि सम्पूर्ण नगरवासियों के लिए भी एक अविस्मरणीय पर्व बन गया।

## कृष्ण जन्माष्टमी पर हुआ भजन-कीर्तन



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

ग्राम उमरगांव में कृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाई गई। पुरोहित दिलीप पाठक द्वारा पूजा-अर्चना की गई। गांव में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी एक जगह राम जानकी मंदिर में मनाई जाती है। इस दौरान जय श्रीराम कला निकेतन बाल मंडली, गौरा चौक ठाकुरपारा मंडली, जय बजरंग बाल मंडली, जय गजानन बाल मंडली, शिवानंद बाल मंडली, नवीन बाल मंडली ने 24 घंटे बारी-बारी से भजन कीर्तन किया। छोटे छोटे बच्चे को राधाकृष्ण की वेषभूषा से सुसज्जित किया गया था। गौरा चौक ठाकुरपारा द्वारा झांकियां निकाली गई जो मनमोहक थी।

मौके पर कृष्णा मारकोले, लखन पुजारी, जनक साहू, मंशा सोम, चन्द्रभान यादव, सुरेश मरकाम, नकुल सूर्यवंशी, मोहन पुजारी, तुलसी साहू, विष्णु शेष, दुर्गेश पुजारी, कमलेश कश्यप, गैंदलाल गंधर्व, उत्तम गुप्ता, मिश्री साहरा, टिकेश सेन, धनेश मरकाम सहित अनेक ग्रामवासी उपस्थित थे।

# एकल संच समिति ने गढ़डोंगरी में धूमधाम से मनाई कृष्ण जन्माष्टमी

- जन्माष्टमी पर बच्चों को मिठाई व पाठ्य सामग्री वितरित की

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



एकल संच समिति द्वारा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व एकल विद्यालय के बच्चों के साथ गढडोंगरी में मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने कृष्ण, राधारानी, बाल गोपाल, सुदामा, गोपियों का रूप संवरकर जन्माष्टमी को शोभायमान बना दिया। ग्राम की संस्कार समिति द्वारा कृष्ण भक्ति पर गीत भजन गाकर बच्चों व ग्रामीणों को मंत्रमुग्ध कर झूमने पर मजबूर कर दिया। कृष्ण राधारानी के रूप में सजे बच्चों ने केक काटकर जन्माष्टमी की खुशियां बटोरी।

एकल स्नेह संपर्क परिवार प्रभारी दिनेश्वरी नेताम ने माखन, मिश्री और चाकलेट बंटवाई। एकल समिति के अध्यक्ष प्रयाग बिसेन, उपाध्यक्ष आरपी साहू, सचिव मोतीलाल दिवाकर, कोष प्रभारी महेन्द्र नेताम व स्नेह संपर्क परिवार प्रभारी दिनेश्वरी नेताम ने बच्चों को पाठ्य सामग्री वितरण कर ग्राम प्रमुख व संस्कार समिति के सदस्यों का सम्मान किया। मौके पर एकल ग्राम प्रमुख पन्नालाल मरकाम, गढ़डोंगरी सरपंच इंदुलता मरकाम, राधिका विश्वकर्मा, एकल आचार्य के साथ संच प्रभारी भोजलाल सोरी व ग्रामीणों की उपस्थिति में बच्चों ने मटकी फोड़ दही बांटकर कृष्ण जन्माष्टमी मनाई।

## केवल प्रमाणित डाक्टर से ही कराएं इलाज : डॉ. प्रदीप

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी/कुरूद



आईएमए धमतरी ने की जनता से अपील

जिले के कुरुद में एक मासूम बच्चे की मौत एक झोलाछाप चिकित्सक द्वारा इंजेक्शन लगाने के बाद हो गई। इस घटना के बाद इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ब्रांच धमतरी ने आम जनता से अपील करते हुए केवल प्रमाणित डॉक्टर से ही इलाज कराने की बात कही है।

भारतीय चिकित्सा संघ (आईएमए) धमतरी के अध्यक्ष डॉ. प्रदीप साहू ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि जिले के कुरुद में घटित यह अत्यंत दुखद और चिंताजनक घटना है। भारतीय चिकित्सा संघ (आईएमए) स्पष्ट करना चाहता है कि इस प्रकार की गैरकानूनी और अवैध चिकित्सा प्रैक्टिस कदापि अस्वीकार्य है और किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। हम सार्वजनिक स्वास्थ्य और सुरक्षा के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध हैं और सभी योग्य चिकित्सकों से अपील करते हैं कि वे अपने नैतिक दायित्वों का पालन करें। जनता से आग्रह है कि केवल प्रमाणित और योग्य चिकित्सा पेशेवरों से ही उपचार लें और किसी भी झोलाछाप के पास इलाज करवाने से बचें। छत्तीसगढ़ पुलिस और स्वास्थ्य विभाग से भी आग्रह है कि वे दोषी व्यक्ति के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई करें और ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने हेतु सख्त कदम उठाएं। भारतीय चिकित्सा संघ अपने सभी सदस्यों के साथ मिलकर नकली डॉक्टरों और झोलाछापों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रखेगा ताकि आम जनता को सुरक्षित चिकित्सा सुविधा मिल सके। हम शोकाकुल परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं और न्याय सुनिश्चित करने के लिए सरकारी संस्थानों के साथ पूर्ण सहयोग में हैं।

## शराब के कारण समाज में अपराध बढ़ रहे

- ग्रामीण साहू समाज कोसमर्रा ने लिया नशामुक्ति का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭कोर्रा(भखारा)

ग्रामीण साहू समाज कोसमर्रा में अगस्त माह की बैठक आयोजित की गई जिसमें साहू समाज को विकासशील से विकसित करने महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। साहू समाज के ग्रामीण अध्यक्ष रोहित सोनबेर ने कहा कि हमारा साहू समाज एक वृहद समाज एवं आपसी सामंजस्य का प्रतीक है। आज शराब के कारण समाज में अपराध बढ़ रहे है जिसे रोकना आवश्यक है। यदि समाज का कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक स्थल पर शराब बेचते हुए या शराब का सेवन करते हुए पकड़ा जाता है तो उसे सामाजिक प्रक्रिया से दंडित किया जाएगा। सभी सदस्यों ने इसका भरपूर समर्थन किया और गांव को नशामुक्त करने का संकल्प लिया और कहा कि नशा वास्तव में एक ऐसी कुरीति है, जो स्वयं के साथ-साथ पूरे परिवार को तबाह कर देता है। हम सबको मिलकर समाज का साथ देना चाहिए ताकि बढ़ते अपराधों को रोका जा सके। आज शराब कोचियों द्वारा घर पहुंच शराब मुहैया कराई जा रही है, जिससे युवा के साथ-साथ स्कूली छात्र बिगड़ रहे हैं। यह जानकारी डकलू साहू ने दी।

# स्वतंत्रता दिवस पर बच्चों ने गीत, भाषण से दी शहीदों को श्रद्धांजलि

- आमदी स्कूल में बरसते पानी में फहराया झंडा, जुलूस निकाला

हरिभूमि न्यूज ⏭आमदी(धमतरी)




शासकीय उन्नयन माध्यमिक शाला आमदी और पीएम श्री शासकीय उन्नयन प्राथमिक शाला आमदी में बरसते पानी में झंडा फहराकर जुलूस निकाला और आजाद चौक , बालक चौक, दंतेश्वरी चौक, तुमाबैगापारा चौक में प्रभात फेरी पूर्ण कर झंडा फहराया। बच्चों द्वारा देशभक्ति गीत, भाषण, कविता, स्वच्छता पर नाटक, मोबाइल के दुष्परिणाम पर नाटक एवं वन संरक्षण पर अपनी प्रस्तुति दी।

मुख्य अतिथि संतोषी साहू पार्षद, सरिता साहू पार्षद ने बच्चों को प्रोत्साहन राशि प्रदान कर उनका हौसला बढ़ाया। नगर पंचायत अध्यक्ष ने बच्चों को स्वतंत्रता दिवस पर किसी प्रकार से नशे की लत से दूर रहने का संकल्प कराया। पार्षद सुनीता साहू ने पालकों से बच्चों के प्रति जागरूक रहने की बात कही। पूर्व अध्यक्ष हेमंत माला ने एक पेड़ मां के नाम लगाकर उसका संरक्षण करने की बात कही।

तेजराम साहू पूर्व उपाध्यक्ष नपं गीत के माध्यम से बच्चों में देशभक्ति जागृत करने का प्रयास किया। पार्षद त्रिभुवन मटियारा ने बच्चों को अच्छा नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। पीएमश्री के प्रपा लक्ष्मीकुमार साहू ने कहा कि अमर शहीदों की बदौलत मिली आजादी को हमें बनाए रखना है। गजेंद्र कुंभकार ने कहा कि देश की सुरक्षा का दायित्व हम सब पर है। प्रपा बिंदु ध्रुव ने पालकों से आह्वान किया कि आप बच्चों की प्रत्येक गतिविधि पर अपनी नजर बनाए रखें।

कार्यक्रम का संचालन सोमदत्त साहू, उमेंद ठाकुर द्वारा किया गया। आभार प्रदर्शन दीपेंद्र साहू समन्वयक ने किया। इस कार्यक्रम में सविता छाटा, पूरन कंवर, डोमेन्द्र साहू का योगदान रहा।

### पूर्व विधायक ने हिंदू संस्कृति में गाय की महत्ता पर अपने विचार रखे

# गागरा में कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭पुरी




ग्राम गागरा में कोसरिया यादव समाज द्वारा श्रीकृष्ण जन्म उत्सव धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम यादव भवन में स्थापित श्री राधा-कृष्ण के पूजन वंदन के साथ सत्यनारायण कथा का पाठ शंकर्सन पाठक महाराज द्वारा किया गया। उन्होंने भगावन श्रीकृष्ण के बाल्य काल का वर्णन विस्तार से किया। युवा प्रकोष्ठ द्वारा रंगोली, मटकी फोड़, कुर्सी दौड़ व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विजय प्रतिभागियों को आकर्षक पुरस्कार प्रदान किया गया।

मुख्य अतिथि इंदरचंद चोपड़ा पूर्व विधायक सरपंच श्रीमती अनिता योगेश साहू, गोपी यादव उपसरपंच, रामाधार साहू पूर्व जनपद सदस्य, योगेश साहू पंच, उत्तम चोपड़िया अध्यक्ष बस्ती समाज, तीजु ध्रुव सचिव बस्ती समाज थे।

अपने उद्बोधन में श्री चोपड़ा ने भगवान श्री कृष्ण की महिमा पर प्रकाश डाला। हिंदू संस्कृति में गाय के महत्व पर अपने महत्वपूर्ण विचार रखे। प्रधानमंत्री के विजन 2047 को बताया। नशा मुक्ति पर चर्चा की। सरपंच ने भगवान कृष्ण के विचारों को मानव जीवन में अपनाने की बात रखी। पूर्व जनपद सदस्य रामाधार साहू ने युवा पीढ़ी को नशा एवं मोबाइल से सतर्क रहने की बात कही। आभार प्रकट युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष रविकुमार यादव ने किया।

रात्रि में तुलसी के संदेश मानस परिवार गागरा द्वारा रामायण पाठ के साथ जन्म उत्सव मनाया गया। यादव परिवार द्वारा दही हांडी लूट का कार्यक्रम रखा गया था।

**अंचल की खबरें**

## बच्चे राधा-कृष्ण की वेशभूषा में दिखे



**पुरी।** सरस्वती शिशु मंदिर छाती में इस वर्ष भी कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व मनाया गया। छोटे-छोटे बच्चों को राधा-कृष्ण बनाया गया था। दही लूट का भी कार्यक्रम हुआ। यह जानकारी नरेंद्र साहू सशिमं सचिव ने दी।

## सशिमं में मनाई गई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी



**कुरुद।** सरस्वती शिशु मंदिर उमावि कुरुद में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं का झांकी के रूप में प्रदर्शन किया गया। कक्षा अरुण से द्वादश तक के छात्रों ने मनमोहक झांकी प्रस्तुत की जिसमें रासलीला, कारागृह, ओखल, कृष्ण सुदामा मिलन, कालिया नाग, सांदीपनि आश्रम, गोवर्धन पर्वत, कर्मामाता, मीराबाई, गीता उपदेश शामिल थे, जिसे देखने नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष एलपी गोस्वामी, सचिव देवनाथ सोनी, सदस्य धनेश्वर निर्मलकर, प्राचार्य श्रीनिवास शुक्ला, प्रधानाचार्य जितेंद्र निर्मलकर, शोभाराम साहू, संतोष यादव, देवकुमार साहू, कल्पना साहू, वीणा साहू, रेखा तिवारी, दुर्गा निर्मलकर, पुष्पलता साहू, लक्ष्मी बैस, सावित्री साहू, देवेश्वरी साहू, तेजेंद्र यादव, महेंद्र साहू, सुरेंद्र साहू, रामस्वरूप यादव समेत अन्य उपस्थित थे।

## अंचल में धूमधाम से मनी कृष्ण जन्माष्टमी



**अंवरी।** अंवरी सहित भैंसबोड़, कुम्हारी, पुरेना, सिर्वे, सेमरा, सुपेला, सिलतरा, सिगदेही, भेण्डसर, भखारा, भठेली, कोलियारी, जोराताराई, नवागांव, थुहा, बगौद, बंजारी बंगोली, खपरी देवरी, कुर्रा सहित अंचल के गांवों में धूमधाम से कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व मनाया गया। अंचल में भगवान श्रीकृष्ण के अनगिनत मंदिर हैं, जहां श्रद्धालु जाते हैं और भगवान की विधिवत पूजा करते हैं। भगवान कृष्ण का जन्म अष्टमी तिथि को हुआ था, इसलिए जन्माष्टमी के निर्धारण में अष्टमी तिथि का बहुत ज्यादा महत्व है। मंदिरों में नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की गूंज रही। भक्तों का सैलाब उमड़ा।

## कोसमर्रा में कृष्ण जन्माष्टमी पर निकली कलशयात्रा



**अंवरी।** ग्राम कोसमर्रा में यादव समाज द्वारा भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी श्रद्धा और धूमधाम से मनाई गई। सर्वप्रथम यादव सामाजिक भवन में कृष्ण की पूजा-अर्चना कर गांव में कलशयात्रा निकाली गई। गांव के समस्त देव स्थानों की पूजा कर गली भ्रमण कर वापस भवन आकर महाआरती की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच कुलेश्वर साहू, विशेष अतिथि भखारा ब्लॉक अध्यक्ष संतोष यादव, ब्लॉक सचिव अवध यादव, कोषाध्यक्ष मनोज यादव, शिक्षकगण रविंद्र कोसरे, राजू ध्रुव, भगवानी शांडिल्य, पूर्व सरपंच ओमप्रकाश साहू, उपसरपंच हेमलाल चावरे, पूर्व उपसरपंच रोहित निर्मलकर थे। अतिथियों ने कहा कि इस पर्व से आपसी भाईचारा और सामाजिक एकता मजबूत होती है। इस आयोजन में ग्रामीण अध्यक्ष माधव यादव, सचिव बलराम यादव, सुरेश यादव, मोहन यादव, मदन यादव, मुकेश यादव, परमानंद यादव, ब्लॉक मीडिया प्रभारी लेखराम यादव की भागीदारी थी।

## न्योता भोज पाकर बच्चे हुए खुश



**आमदी (धमतरी)।** शासकीय उन्नयन माध्यमिक शाला तुमाबैगापारा आमदी की शिक्षिका सविता छाटा ने अपने जन्मदिवस पर पीएमश्री व शासकीय उन्नयन माध्यमिक शाला आमदी के बच्चों को न्योता भोज कराया। बच्चों को खीर, पूड़ी, केला के साथ आलूगुंडा भी परोसा गया। बच्चों ने न्योता भोज पाकर अपनी खुशी जाहिर की। इस मौके पर स्कूल स्टाफ मौजूद रहे।

## पचपेड़ी के स्वयंसेवकों ने नशा मुक्ति रैली निकाली




**कोर्रा(भखारा)।** शाउमावि पचपेड़ी में संचालित रासेयो के माध्यम से प्राचार्य रवींद्र कोसरे के मार्गदर्शन एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी मिथिलेश सिन्हा के नेतृत्व में नशामुक्ति जागरूकता रैली निकल गई। रैली के माध्यम से नशा के दुष्प्रभाव को बतलाया गया तथा लोगों को व्यसन से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया। स्वयंसेवकों ने गांव की दीवारों में स्लोगन लिखकर लोगों में जागरूकता फैलाने का प्रयास किया। रैली के पश्चात संस्था के सभागार में नशा मुक्ति के संबंध में व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता गायत्री मिशन के वरिष्ठ कार्यकर्ता डॉ. प्रहलाद साहू ने डॉक्यूमेंट्री फिल्म के माध्यम से स्वयंसेवकों को नशा से होने वाली बीमारियों एवं उसके दुष्प्रभाव को प्रदर्शित किया। नशा को नाश का जड़ बतलाकर स्वयंसेवकों को जीवन में नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में भगवतीराम साहू, टकेश साहू, वरिष्ठ व्याख्याता चंद्रहास साहू, कमलेश कंवर, पुष्पलता ठाकुर, प्रदीप मानिकपुरी, योगिता साहू, प्रमिला बारले एवं हेमेन्द्र मेश्राम का सहयोग रहा। कार्यक्रम में रासेयो के 120 स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

- लोगों को व्यसन से दूर रहने के लिए किया प्रेरित

## देशभक्ति देश के प्रति सम्मान की भावना सिखाती है



**धमतरी।** ज्ञान अमृत इंग्लिश हाईस्कूल में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। प्राचार्य द्वारा ध्वजारोहण किया गया। छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत, कविता, भाषण, सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया। प्राचार्य विनोद कुमार पाण्डेय ने कहा कि यह दिन हमें हमारे देश की आजादी की कहानी को बयां करता है और हमें हमारे देश के लिए शहीद वीरों की याद दिलाता है। देशभक्ति हमें अपने देश के प्रति प्यार और सम्मान की भावना सिखाती है। कार्यक्रम में श्रीमती भुनेश्वरी देवांगन, ममता तिवारी, कल्पना माने, मनीषा अंकमवार, रूमानी कुरेशी,हेमलता देवांगन, ज्योति सोनी, गायत्री दुबे, प्रिया शर्मा, नेहा सिन्हा, गायत्री देवांगन, अल्फिया शेख, पायल नामदेव, नीलम साहू, प्रकृति पाण्डेय, संस्कृति पाण्डेय, दीपिका पटेल, मोनिका बांधे, जगदीश सोनी, आदित्य दुबे, शैलेन्द्र साहू, राजेन्द्र साहू समेत छात्र-छात्राएं एवं पालकगण उपस्थित थे। मंच संचालन एवं आभार प्रदर्शन शीतल सोनी ने किया।

## सुंदरगंज वार्ड की महिलाओं ने किया ध्वजारोहण



**धमतरी।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सुंदरगंज वार्ड की महिलाओं ने ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम में शामिल कांग्रेस के युवा नेता गौतम वाधवानी ने कहा कि समाज में आज महिलाओं का दर्जा और सम्मान पुरुषों से अधिक है। नारी आज हर क्षेत्र में अपना योगदान दे रही है। सुंदरगंज वार्ड की महिलाएं ध्वजारोहण कर समाज के सभी वर्गों को जागरूक करने का कार्य कर रही हैं। महिलाएं आज हर क्षेत्र मे आगे बढ़ रही हैं। वार्ड की महिला गिरिजा बाई ध्रुव, संतोषी बाई ध्रुव, मिलंतीन बाई ध्रुव, हेमिन बाई ध्रुव, राधिका ध्रुव, मीनाक्षी ध्रुव, रानी ठाकुर ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी महिलाओं ने ध्वजारोहण किया। हम सभी को इस उत्सव का बड़ी बेसब्री से इंतज़ार रहता है। मौके पर सुनीता ध्रुव, इंगेश्वरी ध्रुव, पुष्पा ध्रुव, शिमला ध्रुव, तामेश्वरी ध्रुव, संगीता ध्रुव, घसनीन बाई ध्रुव, रानी ठाकुर, खिलेश्वरी ठाकुर, भावना मांडवी, रिया ठाकुर, सौरभ मरकाम, आशाराम ध्रुव, भागवत राम ध्रुव, देवराज ध्रुव, तुषार ध्रुव, ऋषभ ध्रुव, रुद्र ध्रुव, राधिका मरकाम, राजेश ध्रुव उपस्थित थे।

## देश के स्वतंत्रता सेनानियों को किया नमन



**धमतरी।** आयकर विभाग एवं आयकर बार एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में स्वतंत्रता दिवस का आयोजन किया गया। आयकर अधिकारी आनंद कुमार सोनी ने ध्वजारोहण किया। तत्पश्चात राष्ट्रगान का सामूहिक गायन हुआ। इस अवसर पर सभी ने देश के स्वतंत्रता सेनानियों को नमन किया और देश की प्रगति एवं समर्पण की भावना को दोहराया। ध्वजारोहण पश्चात फलदार एवं छायादार पौधे लगाए गए। पौधे की सुरक्षा हेतु ट्री गार्ड भी लगाए गए। इस अवसर पर आयकर निरीक्षक चंचल विश्वास, सीए सुशील कुमार अग्रवाल, अजय पारेख, सीए सुरेश गोयल, सीए मनोज सोनी, सीए आयुष माहेश्वरी, सीए अभिषेक पारेख, सीए आशुतोष मिश्रा, एडवोकेट राजेन्द्र कुमार रामरख्यानी, वरिष्ठ सदस्य बीएल जैन, आरके वधवानी, एसडी ननकानी, केडी वाधवानी समेत अन्य उपस्थित थे।

## बच्चों ने धरा कृष्ण-राधा का रूप, श्लोकों का किया पाठ



- ब्रज गोपिका सेवा मिशन ने मनाया कृष्ण जन्मोत्सव

**धमतरी।** ब्रज गोपिका सेवा मिशन द्वारा भगवान श्रीकृष्ण का प्राकट्य महोत्सव श्रीकृष्ण जन्माष्टमी राधाकृष्ण भवन महालक्ष्मी ग्रीन्स धमतरी में मनाया गया। भक्तिरस से परिपूर्ण कीर्तन, भजन एवं संकीर्तन ने वातावरण को कृष्णमय बना दिया। बाल एवं युवा वर्ग ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनमें कृष्ण भक्ति श्लोक विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। रात्रि में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने कृष्ण का रूप धारण कर मंच पर प्रस्तुति दी। बालक-बालिकाओं ने सुंदर श्लोकों का पाठ किया। बच्चों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने उन्हें पुरस्कार दिया गया। मध्यरात्रि में भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मंगल आरती एवं झूला दर्शन के साथ मनाया गया। इस अवसर पर संतोष मिश्रा, श्रीमती हिना मिश्रा, राजेन्द्र गुप्ता, श्रीमती किरण गुप्ता, महेश रजक, श्रीमती पूर्णिमा रजक, मुकेश सोनी, श्रीमती हेमलता सोनी, नंदकिशोर सोनी, श्रीमती उषा सोनी, उत्तम कोसरिया, श्रीमती ईश्वरी कोसरिया, महेश महावर, नोकूराम सिन्हा, श्रीमती आशा सिन्हा, भूमेश साहू, श्रीमती किरण साहू, श्रीमती पिंकी सोनबेर, आशुतोष मिश्रा, श्रीमती प्रियंका मिश्रा, देवाशीष साहू, रितेश ठाकुर, शरद रजक, श्रीमती राजश्री रजक, उमेश सिन्हा, श्रीमती तृप्ति सिन्हा उपस्थित थे।

## निधन

### गायत्री गजेंद्र



**धमतरी।** मराठापारा निवासी श्रीमती गायत्री गजेंद्र 59 वर्ष का निधन 16 अगस्त शनिवार को हो गया। वे निलेश गजेंद्र की मां थीं। उनका अंतिम संस्कार शांतिघाट में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में परिवार एवं मोहल्लेवासी शामिल हुए।

### श्यामकुमारी बैस



**अंवरी।** ग्राम कुर्रा निवासी मनहरणलाल बैस सेनि शिक्षक की पत्नी श्रीमती श्यामकुमारी बैस उम्र 80 वर्ष का निधन 16 अगस्त को हो गया। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़कर चली गई। वे शैलेन्द्र बैस, राजकुमार बैस, शैल वर्मा, इंदिरा चन्द्रकार की मां थीं। उनका अंतिम संस्कार उनके गृहग्राम के शांतिघाट में हुआ। उनके अंत्येष्टि कार्यक्रम में नरेंद्र, बसंत, ज्ञानेश्वर, रोहित, ओंकार, चुम्मन, अंगेश्वर, जितेन्द्र, शशांक, मयंक, चुमेश्वर, मनीष, हर्ष, मिथिलेश, तुषार, रोहण, नवीन, तनमय, तोषण, सूर्या, एहिल्य समेत बैस परिवार एवं ग्रामीणजन शामिल हुए।

### लंबित मांगों को लेकर गांधी मैदान में जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन

# एनएचएम कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरु





हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरु हो गई है। कर्मचारियों ने गांधी मैदान में धरना प्रदर्शन कर अपनी मांगों की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया।

छत्तीसगढ़ प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एनएचएम कर्मचारी संघ के आह्वान पर 18 अगस्त से प्रदेश के सभी एनएचएम के लगभग 16 हजार कर्मचारी अपनी लंबित मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। वहीं जिले में भी एनएचएम कर्मचारी जिला स्तर पर गांधी मैदान में धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। 17 जुलाई को विधानसभा का घेराव कर अपनी मांगों को लेकर संघ द्वारा अंतिम वाचन दिया गया था जिसमें 15 अगस्त तक सरकार की ओर से मांगों को लेकर ठोस निर्णय नहीं लिए जाने पर प्रदेशभर के एनएचएम कर्मचारियों द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की बात कही गई थी।

मांगों पर विचार नहीं किए जाने पर कर्मचारियों ने 18 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरु कर दी है। इस बार संघ ने आपातकालीन सेवाओं को भी पूर्णतः बंद रखने का निर्णय लिया है। इस संबंध में संघ द्वारा शासन को पूर्व में ही सूचना दे दी गई थी। पदाधिकारियों ने बताया कि जिले में एनएचएम के तहत 593 कर्मचारी कार्यरत हैं। कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने से स्वास्थ्य सेवाओं पर असर पड़ रहा है।

### रोटेशन के आधार पर ड्यूटी लगाई गई

जिला अस्पताल सलाहकार गिरीश कश्यप ने बताया कि जिला अस्पताल में एनएचएम के तहत 92 कर्मचारी पदस्थ हैं जिसमें से 40 स्टाफ नहीं है। सभी एनएचएम कर्मचारी हड़ताल पर चले गए हैं। हालांकि कर्मचारियों के अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की कोई लिखित सूचना नहीं मिली है। वैकल्पिक व्यवस्था करते हुए अस्पताल में नियमित 57 स्टाफ नर्स हैं, जिनकी रोटेशन के आधार पर ड्यूटी लगाई गई है। एक वार्ड में एक स्टाफ नर्स तैनात किया गया है। वहीं नर्सिंग स्टूडेंट भी सहयोग दे रहे हैं।

# पुलिस की संयुक्त टीम ने पहाड़ी में नक्सली कैम्प को किया ध्वस्त

- 16 .50 लाख नकदी सहित इलेक्ट्रानिक डिवाइस बरामद की
- नक्सल मोर्चो पर पुलिस को मिली बड़ी सफलता



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

सर्चिंग पर निकली पुलिस की संयुक्त टीम ने बड़े गोबरा के पहाड़ी क्षेत्र में नक्सल कैंप को ध्वस्त कर 16.50 लाख नकदी सहित इलेक्ट्रानिक डिवाइस व नक्सली सामान जप्त किया है।

पुलिस के अनुसार धमतरी, गरियाबंद पुलिस, सीआरपीएफ एवं कोबरा की संयुक्त टीम मैनपुर थाना क्षेत्र की ओर सर्चिंग पर निकली थी। पुलिस टीम बड़े गोबरा के जंगल व पहाड़ी क्षेत्र में सर्चिंग करते आगे बढ़ रही थी। पुलिस पार्टी को अपनी तरफ आते देख जंगल में कैंप लगाए हुए व घात लगाकर छिपे हुए प्रतिबंधित माओवादी संगठन के सशस्त्र वर्दीधारी नक्सलियों ने अपने पास रखे स्वचलित हथियारों से पुलिस पार्टी पर अंधाधुंध फायरिंग की। पुलिस पार्टी द्वारा भी आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग की गई। पुलिस पार्टी को भारी पड़ता देख नक्सली घने जंगल पहाड़ की आड़ लेते हुए भाग गए। माओवादी घटना की मैनपुर थाना में विधिवत कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर जंगल में आसपास सर्च किया। इस दौरान देशी बीजीएल बम 4 नग, देशी सुरका सेल छोटा 4 नग, हेण्ड ग्रिनेड 1 नग, बेल्ट 1 नग, नक्सली पोज 2 नग, नक्सली वर्दी 2 सेट, नकदी रकम 16 लाख 50 हजार रूपए, दो नग मोबाइल, बिन्डल इलेक्ट्रानिक डिवाईस 1 नग, रेडियो 1 नग, सुरका कारतूस देशी 7 नग, सुरका कारतूस देशी खाली केस 6 नग, इसांस राउण्ड 5.56 एमएम 15 नग, 7.62 एमएम राउंड 16 नग, 7.62 एमएम खाली केश 2 नग, एचडी कार्टेज 1 नग, 1 नग लैपटाप, चार्जर, कार्डेक्स 4 बंडल, जिलेटिन राड 15 नग, इसांस मैग्जीन 1 नग, एसएलआर रायफल मैग्जीन 1 नग, सोल्डिंग मशीन 1 नग, इलेक्ट्रानिक वायर 1 बंडल, टिफिन बम 1 नग सहित अन्य सामग्री बरामद की गई है।

### नशा छोड़ने के लिए स्वयं की इच्छा शक्ति जरूरी : अजय

# कुरुद में 15 बिस्तर वाला नशामुक्ति केंद्र का विधायक ने किया शुभारंभ






हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर की पहल पर उनकी महत्वाकांक्षी योजना शुरू हो चुकी है। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर क्षेत्रीय विधायक अजय चंद्राकर ने समाज कल्याण विभाग से संचालित एनजीओ शांति मैत्री ग्रामीण विकास संस्थान के संयुक्त योगदान से केनाल रोड में आदिवासी भवन में 15 बिस्तर वाला नशामुक्ति केंद्र का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक चन्द्राकर ने कहा कि नशा मुक्ति केंद्र जिसे पुनर्वास केंद्र भी कहा जाता है, नशे की लत से जूझ रहे लोगों को उनकी चुनौतियों से उबरने में मदद करता है। नशा उन्मूलन केन्द्र के साथ-साथ नशा को छोड़ने के लिए स्वयं की इच्छा शक्ति ज़रूरी है। उन्होंने नशे के दुष्प्रभाव व नशा छोड़ने संबंधी अनेक टिप्स दिये और लोगों को समाज की पुण्य सेवा में जुड़ने का आग्रह किया।

इस अवसर पर गौकरण साहू ज़िला पंचायत उपाध्यक्ष, पूर्व अध्यक्षगण निरंजन सिन्हा, रविकांत चन्द्राकर, भाजपा मंडल अध्यक्ष कृष्णकांत साहू, भाजपा कार्यालय मंत्री लोकेश्वर सिन्हा, मालक राम साहू, विधायक प्रतिनिधि भानु चंद्राकर, गणमान्य नागरिक, महिला मोर्चा एवं महिला कमांडो की कार्यकर्ता, एनजीओ के सदस्यगण, समाज कल्याण विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### सामाजिक आंदोलन से कुरुद सुंदर व समृद्ध बनेगा

नपं अध्यक्ष श्रीमती चंद्राकर ने कहा कि यह नगर के लिए गौरवान्वित करने वाला क्षण है, हमारे विधायक ने इस दिशा में त्वरित कार्यवाही करते हुए शासन के माध्यम से कुरुद में 15 बिस्तरों वाला नशा मुक्ति केंद्र का खुलवाया है। नशे के खिलाफ हम इनके मार्गदर्शन में लगातार काम कर रहे हैं। माता-बहनें भी निरंतर सहयोग कर रही हैं। उन्होंने कुरूदवासियों से अनुरोध करते हुए कहा कि इस सामाजिक आंदोलन से हमारा नगर एक दिन सबसे सुंदर और समृद्ध होगा। साथ ही इस पुनीत कार्य के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, महिला बाल विकास लक्ष्मी राजवाड़े एवं विधायक अजय चन्द्राकर का आभार जताया।

### कोतवाली पुलिस की कार्रवाई

# जिलाबदर बदमाश चाकू लहराते गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिले से लगभग 8 माह पहले जिलाबदर किया गया बदमाश बिना अनुमति के शहर में प्रवेश कर स्कूल के पास चाकू लहरा रहा था। कोतवाली पुलिस ने घेराबंदी कर बदमाश को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार जिले में गुंडा बदमाशों, निरानीशुदा व्यक्तियों एवं असामाजिक तत्वों पर लगातार कड़ी निगरानी रखी जा रही है। इसी क्रम में कोतवाली पुलिस को मुखबिर से जिलाबदर निगरानी बदमाश हितेश नेताम पिता शंकरलाल उम्र 20 वर्ष मकेश्वर वार्ड निवासी द्वारा बिना अनुमति के धमतरी जिले में प्रवेश कर मकई तालाब किनारे स्थित अग्निदेव आर्य स्कूल के पास चाकू लहराकर आम लोगों को डराने धमकाने की सूचना मिली। कोतवाली पुलिस तत्काल मकई तालाब पहुंची और घेराबंदी कर आरोपी को हिरासत में ले लिया। पूछताछ में आरोपी के पास धमतरी जिले में प्रवेश का कोई वैध दस्तावेज नहीं पाया गया। पुलिस ने



आरोपी हितेश नेताम के खिलाफ धारा 223 बीएनएस, 25, 27 आर्म्स एक्ट तथा छग राज्य सुरक्षा अधिनियम 14, 15 के तहत पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। उल्लेखनीय है कि आरोपी हेमंत नेताम को पंचायत चुनाव के पूर्व 20 दिसंबर 2024 को एसपी की अनुशंसा पर जिला दण्डाधिकारी द्वारा जिलाबदर किया गया था। इसके बावजूद आरोपी नियमों का उल्लंघन कर जिले में प्रवेश कर आपराधिक कृत्य कर रहा था। पुलिस द्वारा इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# झंडा फहराकर ग्रामीणों ने रक्तदान किया

- बलियारा में लगा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर, सैकड़ों लोगों ने लिया लाभ
- नशा न करें, लोगों में जागरूकता फैलाएं : डॉ वानखेड़े



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ग्राम बलियारा में ग्रामवासियों एवं स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से रक्तदान शिविर एवं निःशुल्क परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। इससे पूर्व 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ग्रामवासियों ने झंडा फहराया। इस अवसर पर जिला चिकित्सालय के सीनियर डॉक्टर संजय वानखेड़े ने अपनी टीम के साथ शिविर में सेवा दी। कार्यक्रम की अतिथि सरपंच श्रीमती चुम्मन हीरासिंह कंवर थी।

विशिष्ट अतिथि पन्नालाल साहू, रामचंद्र देवांगन, भूमिका कोर्राम, विनोद डिंडोलकर रहे। शिविर में शिवम साहू, राजकुमार साहू, सोहन साहू, सुमन कंवर, सुधाराम यादव, कमलेश यादव, तुकाराम कंवर, जोगेंद्र सिंह, प्रकाश साहू, मोहित साहू, शांतनु साहू, कुलेश्वर निर्मलकर, गोपेश्वर सिंह, चम्मन साहू, रोहित साहू, शांतनु साहू, भीष्म सिंह, डिगेश्वर कुमार, तुलस यादव, नीरज साहू, मनीष कुमार साहू, चंद्रकैलाश साहू, गोविंद सिंह कंवर, पीके ध्रुव, गंगाराम साहू, श्रीमती सुलोचना ने रक्तदान किया। सभी रक्तदाताओं को प्रमाण- पत्र दिया गया। इस अवसर पर डॉ संजय वानखेड़े ने ग्रामवासियों से कहा कि वे नशा के प्रति जागरूक रहें। शराब, बीड़ी, तंबाकू, गुड़ाखू से दूर रहें। उन्होंने इसकी लत छुड़ाने के उपाय भी बताए। जांच के लिए सैकड़ों ग्रामीण शिविर में पहुंचे थे।

इस अवसर पर सहयोगी के तौर पर चुम्मन, हीरासिंह कंवर, देवनारायण साहू, दिलेश्वरी मारकंडे, ज्योति गेंदरे, मोहित साहू, धरम कंवर, जोगेंद्र, रिंकी ध्रुव, भोजमती ध्रुव, सुहाग यादव, धनसाय ध्रुव, इंद्राणी मारकंडे, जमुना निर्मलकर, सीता ध्रुव, लोमस कंवर, पन्नालाल साहू, थानसिंह, विक्रम साहू, गोविंद कुमार, वेदप्रकाश साहू, अशोक मारकंडे, रामलाल साहू, जगतारण दास गेंदरे उपस्थित थे। डॉक्टरों की टीम को ग्राम विकास समिति की ओर से प्रतीक चिन्ह देखकर सम्मानित किया गया। कक्षा पहली से पांचवीं तक के बच्चों को स्कूल बैग तथा सरपंच की ओर से टाई बेल्ट दिया गया। आभार व्यक्त चंद्रप्रकाश मारकंडे, कुलदीप साहू, गंगाधर साहू ने किया।

## बच्चों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

बांसपारा नंदी चौक स्थित यादव समाज द्वारा कृष्ण जन्माष्टमी मनाई गई। कार्यक्रम के पूर्व अनिल नारायण यादव, डमेश यादव, कृष्णा यादव द्वारा पूजा-अर्चना एवं आरती की गई। वार्ड के बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। बच्चों की कुर्सी दौड़ में रुपेश प्रथम, रुही यादव द्वितीय एवं लक्की सिन्हा तृतीय रही। रात्रि 12 बजे दही मटकी फोड़ी गई।

# यादव समाज ने धूमधाम से मनाई कृष्ण जन्माष्टमी





### श्रीकृष्ण के जयकारे के साथ नगर में निकाली गई भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

छग झेरिया यादव समाज द्वारा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पुराना मंडी प्रांगण कुरुद में मनाई गई। इस दिन यादव समाज द्वारा मां चंडी मंदिर से श्रीकृष्ण की भव्य शोभायात्रा राउत नृत्य के साथ पूरे नगर में निकाली गई जिसका नगरवासियों ने भव्य स्वागत किया। श्रीकृष्ण कृष्ण के जयकारों से नगर गुंजायमान रहा।

शोभायात्रा के बाद कार्यक्रम स्थल में भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना की गई। तत्पश्चात अतिथियों का अभिनंदन किया गया। ओमप्रकाश यादव सरपंच भैंसमुंडी, राधा यादव कुर्रा और रीना यादव सिंधौरीखुर्द सरपंच एवं सामाजिक पदाधिकारियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अजय चंद्राकर विधायक कुरूद ने अपने उद्बोधन में जन्माष्टमी के महत्व एवं महाभारत और गीता की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने समाज के लोगों से आव्हान किया कि अपने बच्चों को शिक्षा के साथ ही अच्छा संस्कार दें।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जगनिक यादव प्रदेश अध्यक्ष यादव समाज ने की। विशिष्ट अतिथि श्रीमती ज्योति चंद्राकर अध्यक्ष नपं कुरूद, भगत यादव प्रदेश उपाध्यक्ष, राजू यादव प्रदेश अध्यक्ष राजनीतिक प्रकोष्ठ, रमेश यादव जिलाध्यक्ष धमतरी, शांतिलाल यादव प्रदेश संगठन मंत्री, रविकांत चंद्राकर पूर्व नपं अध्यक्ष थे।

कार्यक्रम में बंशीलाल यादव ब्लाक अध्यक्ष, भगवती यादव कोषाध्यक्ष, अनूप यादव जिला मीडिया प्रभारी, नवीन यादव जिलाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ, संतोष यादव जिला कोषाध्यक्ष, अवध यादव जिला सचिव, मनोज यादव, लोमस यादव, हीरा यादव, कृष्ण यादव, विदेशी यादव, केशव यादव, शिवलाल यादव, छेदन यादव, किशोर यादव, नीलकंठ, दिलीप, होरी, मनोहर, जितेंद्र, संजू, किशोर पंडा, महेश, दिनेश, अर्जुन, पप्पू, देवेंद्र, श्रीमती अंजू, जानकी, प्रेमीन, गौरी, गायत्री, साधना, अनीता, योगेश्वरी, मधु, रूक्मणि, अंजु, पायल आदि का सहयोग रहा।

# खाद गोदाम के हमालों से भेदभाव की शिकायत



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

बजरंग हमाल संघ नगरी ने खाद परिवहन में भेदभाव तथा पारिश्रमिक भुगतान में भेदभाव की शिकायत कलेक्टर से की है। संघ के अध्यक्ष विजय निषाद, सचिव कृष्णकांत, सचिव टिकेश्वर निषाद तथा सदस्यों ने कलेक्टर को दिए शिकायत आवेदन में कहा है कि नगरी खाद गोदाम में विगत चार दशक से संघ हमाली कार्य कर रहा है। इस कार्य में भरण पोषण के लायक मजदूरी नहीं मिलने से 46 हमाल साथी काम छोड़ चुके हैं। जितने सदस्य कार्य कर रहे हैं, उनकी मजदूरी भी मुश्किल से मिल पाती है। हमाल संघ की मांग है कि खाद गोदाम नगरी में पूर्ण की तरह रेक पाइंट से माल परिवहन करने, परिवहनकर्ता को लाभ पहुंचाने के लिए रेक का खाद अन्य गोदामों में खाली कर वापस उनके गोदाम में लाया जाता है। हमाली दर 150 रूपये प्रतिदिन है जिस पर कलेक्टर का आदेश बताकर 120 रूपये दिया जाता है। वर्तमान में भाठागांव खाद गोदाम से नगरी खाद गोदाम में यूरिया प्रदान किया जा रहा है। उस पर रोक लगाकर सीधे रेक पाइंट से खाद प्रदान करने की मांग की गई है।

## खबर संक्षेप

### उर्स पर 20 को तकरीर

■ मौलाना शहादत हुसैन की तकरीर होगी

**धमतरी।** आला हजरत इमाम अहमद रजा खां बरेलवी के उर्स के मुबारक मौके पर 20 अगस्त को रात 9:30 बजे से जामा मस्जिद धमतरी के ग्राउंड में तकरीर का शानदार जलसा रखा गया है। यह आयोजन रजा फाउंडेशन धमतरी एवं अता ए हुजूर सिब्तैन रजा कमेटी द्वारा किया जा रहा है। उर्स आला हजरत अजमते साहाबा व अहले बैत और नजरियाते आला हजरत के इस जलसे के मुख्य मुकर्रिर हजरत मौलाना मुफ्ती शहादत हुसैन निजामी इलाहाबाद होंगे। सदरे जलसा मौलाना मोहम्मद रहमानी रजा मिस्बाही इमाम जामा मस्जिद धमतरी, जेरे निजामत मुफ्ती मोहम्मद तौहीद रजा धमतरी करेंगे। इस मौके पर रौनके स्टेज मौलाना मोहम्मद गौस कादरी, मो. अफजाल अशरफी, मौलाना मोहम्मद रहमुद्दीन भरदा, कारी मो. अल्ताफ रजा मदरसा गौसिया रजवीया धमतरी, मुफ्ती जुबैर अहमद मदरसा फैजाने कुरआन धमतरी, मौलाना मो. साबिर अली कादरी इमाम मस्जिद गरीब नवाज धमतरी, मौलाना मो. एहतेशामुल हसन कादरी इमाम मदीना मस्जिद धमतरी होंगे।

### सांकरा में कृष्ण जन्माष्टमी मनी

**सांकरा।** ग्राम सांकरा के सभी मोहल्लों में कृष्ण जन्माष्टमी बड़ी धूमधाम से मनाई गई। ग्रामवासी एक दिवसीय झूला का आयोजन कर कृष्ण की भक्ति में डूबे रहे।

राष्ट्रपति से मिले देश के 8 राज्यों के आदिवासी रिटायर्ड अधिकारी और समाजसेवी

# विकास के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने की राष्ट्रपति से भेंट



## आदि कर्मयोगी अभियान से जुड़ने का राष्ट्रपति ने किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

देश के आदिवासी बहुल राज्यों से आये सेवानिवृत्त अधिकारियों और समाजसेवियों के एक प्रभावी प्रतिनिधि मंडल ने विगत दिनों राष्ट्रपति भवन में महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भेंट की। इस प्रतिनिधिमंडल में छत्तीसगढ़, उड़ीसा, असम, आंध्रप्रदेश, त्रिपुरा, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड एवं पश्चिम बंगाल के जनजातीय समुदायों से जुड़े गणमान्य व्यक्ति शामिल रहे। इस अवसर पर जनजाति कार्य मंत्री जुएल उरांव, ऊर्जा एवं नगरीय प्रशासन मंत्री मनोहरलाल खट्टर, जनजाति कार्य राज्यमंत्री दुर्गादास उइके, भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव एवं जनजाति कार्य मंत्रालय के सचिव और वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

छत्तीसगढ़ से विकास मरकाम के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल शामिल हुआ जिसमें विधायक नीलकंठ टेकाम, आईएएस शिशुपाल शोरी, आईपीएस राधेश्याम नायक, आईपीएस भारत सिंह, सेवानिवृत्त सहायक श्रम आयुक्त उमेश कच्छप, सेवानिवृत्त अपर कलेक्टर फूलसिंह नेताम, कांकेर जिपं अध्यक्ष किरण नरेटी एवं भाजपा अजजा मोर्चा की राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य विद्या सिदार प्रमुख रूप से शामिल रहे।

इस दौरान राष्ट्रपति ने धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान और पीएम जनमन योजना का उल्लेख करते हुए सरकार की आदिवासी हितैषी योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने सभी जनजातीय प्रतिनिधियों से केंद्र सरकार की एक महत्त्वाकांक्षी पहल आदि कर्मयोगी अभियान से जुड़ने का आह्वान किया।

उन्होंने बताया कि इस अभियान का लक्ष्य लगभग 20 लाख आदिवासी सरकारी अधिकारियों और अन्य हितधारकों (युवा चैंपियन, फ्रंटलाइन कार्यकर्ता, स्वयंसहायता समूह के पदाधिकारी, स्वयंसेवक) को प्रशिक्षित कर एक समर्पित समूह तैयार करना है जो देश के लगभग 1 लाख जनजातीय बहुल गांवों में सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ पहुंचाने की दिशा में काम करे तथा जनजातीय नागरिकों और संस्थाओं के बीच सामुदायिक भागीदारी के विश्वास को मजबूत करे।

इस अवसर पर श्री मरकाम ने बताया कि हमारे राज्य की लगभग 32 प्रतिशत जनसंख्या आदिवासी समुदाय की है। आजादी के इस अमृतकाल में देश की संवैधानिक प्रमुख के रूप में पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति मिलने पर पूरे समाज में खुशी की लहर है। प्रदेश में विष्णुदेव साय को पहली बार आदिवासी मुख्यमंत्री बनाये जाने से यह सिद्ध होता है कि अब भारत का लोकतंत्र हाशिये के लोगों को मुख्यधारा में लाने के लिये प्रतिबद्ध है।

उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने भारत के आदिवासी समूहों को न केवल संगठित किया बल्कि यह स्वाभिमान भी जगाया कि आदिवासियों का उत्थान कोई कृपा नहीं, यह सामाजिक न्याय है। सांस्कृतिक विरासत और गौरव गाथा को याद करने के लिये जनजाति गौरव दिवस के रूप में एक विशेष दिन देने के लिये भी उन्होंने राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त किया।

# बिना संसाधन के ऑनलाइन कार्यों का किया बहिष्कार

■ राजस्व निरीक्षक संघ ने इंटनेट भत्ता और कम्प्यूटर सहित अन्य संसाधनों की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

बिना संसाधन के राजस्व विभाग को हाईटेक करने का प्रयास किया जा रहा है। इससे पटवारी, आरआई सहित अन्य कर्मचारियों पर अतिरिक्त भार पड़ रहा है। स्थिति को देखते हुए राजस्व निरीक्षक संघ ने ऑनलाइन कार्यों का बहिष्कार कर दिया है। जब तक व्यवस्था में सुधार नहीं आता है, उनका बहिष्कार जारी रहेगा।

अपनी समस्याओं को लेकर राजस्व निरीक्षक संघ ने राजस्व आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव और भू अभिलेख के संचालक को ज्ञापन प्रेषित किया है। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने बताया है कि विभागीय कार्यों में पारदर्शिता लाने के लिए शासन द्वारा ऑनलाइन नक्शा बंटाकन, कृषि संगणना, फसल कटाई प्रयोग, डिजिटल क्राप सर्वे, जिंसवार, पूर्वानुमान, सर्वे रिसर्वे, जिओ रिफ्रेंसिंग, ई गिरदावरी, नक्शा प्रोजेक्ट जैसे कार्य संपादित करवाए जा रहे हैं। इन कार्यों के लिए मोबाइल, कम्प्यूटर, इंटरनेट की आवश्यकता पड़ती है लेकिन शासन द्वारा राजस्व निरीक्षकों को ये संसाधन नहीं दिए गए हैं। अपने खर्च पर राजस्व निरीक्षक ये संसाधन जुटाकर काम कर रहे हैं। इससे उन्हें आर्थिक नुकसान भी हो रहा है। पिछले साल राजस्व निरीक्षकों ने मांग की थी, जिसके बाद संसाधान जुटाने के साथ इंटरनेट भत्ता देने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन आज तक भत्ता नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि जब तक उन्हें संसाधन और सुविधा नहीं मिलती है वे ऑनलाइन कार्यों का बहिष्कार करेंगे।

### नक्शा बंटाकन सबसे बड़ी समस्या

उन्होंने बताया कि ऑनलाइन नक्शा बंटाकन राजस्व निरीक्षकों की सबसे बड़ी समस्या है। ऑफलाइन नक्शा बंटाकन के बिना ही ऑनलाइन नक्शा बंटाकन करने के लिए राजस्व निरीक्षकों की आईडी पर प्रस्ताव भेजा जाता है। अधिकारियों द्वारा नक्शा बंटाकन का अनुमोदन करने के लिए दबाव बनाया जाता है। एक राजस्व अधिकारी के प्रभार में 30-35 गांव आते हैं। अधिकारियों के दबाव में बिना मौका जांच के ही नक्शा बंटाकन का अनुमोदन किया जा रहा है। कुछ त्रुटि होने पर राजस्व निरीक्षकों के विरूद्ध निलंबन, जेल, पदच्युति जैसी कार्रवाई कर जा रही है।

### पदोन्नति की मांग

राजस्व निरीक्षक से नायब तहीलदार, सहायक अधीक्षक भू अभिलेख के रिक्त पदों पर निर्धारित समयावधि में पदोन्नति की मांग की गई है। इसके अतिरिक्त राजस्व निरीक्षकों की भर्ती, सीमांकन, बंदोबस्त त्रुटि सुधार प्रकरणों के निष्पादन के लिए पूर्व समयावधि को यथावत रखने की मांग भी की है।

# महापौर ने किया कन्या छात्रावास का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

बीसीएस शासकीय महाविद्यालय परिसर में निर्मित 20 सीटर कन्या छात्रावास का उद्घाटन महापौर जगदीश रामू रोहरा के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ महापौर श्री रोहरा ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया। उन्होंने रिबन काटकर छात्रावास का लोकार्पण किया।

इस अवसर पर महापौर ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर नई ऊंचाइयां छू रही है। सरकार का उद्देश्य है कि कोई भी विद्यार्थी, विशेषकर बेटियां संसाधनों के अभाव में शिक्षा से वंचित न हों। महापौर श्री रोहरा ने कहा कि यह छात्रावास दूरस्थ अंचल से आने वाली छात्राओं के लिए वरदान साबित होगा। यहां उन्हें सुरक्षित वातावरण में रहकर उच्च शिक्षा की तैयारी करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कलेक्टर अविनाश मिश्रा से आग्रह किया कि छात्रावास की क्षमता 20 से बढ़ाकर 40 सीट करने का प्रस्ताव शीघ्र शासन को भेजा जाए, ताकि अधिकाधिक छात्राओं को सुविधा मिल सके। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, छात्र-छात्राएं एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर छात्राओं ने नई सौगात मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए महापौर सहित शासन-प्रशासन के प्रति आभार जताया।

### हीलिंग मेडिटेशन कैम्प 8 सितंबर से

**नगरी।** जैन श्री संघ एवं शांत क्रांति संघ नगरी के तत्वावधान में विजय वैभव चातुर्मास के अवसर पर बोधि ध्यान चक्रास हीलिंग मेडिटेशन कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। शिविर आचार्य विजयराज मसा की आज्ञानुवर्तिनी ध्यान आराधिका विदुषी महासती वैभव श्रीजी मसा के मार्गदर्शन में होगा। यह निःशुल्क शिविर 8 से 15 सितम्बर तक प्रतिदिन प्रातः 7:15 से 8:15 बजे तक कृषि उपज मण्डी डिपो रोड नगरी में संपन्न होगा। शिविर में आयुर्वेद, गैस, एसिडिटी, अस्थमा, डायबिटीज, बीपी, पेटदर्द, माइग्रेन, डिप्रेशन, थायरॉइड और कोलेस्ट्रॉल जैसी समस्याओं से राहत हेतु चक्र हीलिंग मेडिटेशन कराया जाएगा। आयोजन समिति ने बताया कि पंजीयन 31 अगस्त तक होगा।










पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768
9098324969










